Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7696	28.08.2023	28.08.2023	Sahibganj Jharkhand	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/news/national-diarrhea-continues-to-kill-people-in-sahibganj-23514842.html
Title:	**Diarrhoea continues to kill people in Sahibganj, Jharkhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sahibganj, SSU- Jharkhand			

जिले में डायरिया बीमारी बेकाबू हो गई है। लगातार इससे मौत हो रही है। हालांकि, प्रशासन इससे इन्कार कर रहा है। डायरिया से अब तक आधा दर्जन लोगों की मौत होने की बात सामने आ रही है। आदिवासी बहुल पहाड़ी क्षेत्र इससे ज्यादा प्रभावित है।

गांव के झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराना पड़ा महंगा

बोरियो प्रखंड के विशनपुर गांव की 15 वर्षीय अंजु बेसरा की मौत सोमवार को हो गई। उसके पिता जोहन बेसरा एवं मां सुसाना मरांडी ने बताया कि रविवार को अंजू बेसरा को डायरिया हो गया था।

गांव में ही झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया। स्लाइन भी चढ़ाया गया था। स्थिति बिगड़ने पर सोमवार की सुबह गंभीर अवस्था में इलाज के लिए लेकर सीएचसी पहुंचे जहां मौके पर उपस्थित आयुष चिकित्सक डा. पंकज कुमार गुप्ता ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिले में डायरिया मरीजों की बिगड़ती जा रही हालत

इससे पूर्व शीतलपुर के 54 वर्षीय कुशल किस्कू, छह वर्षीय दीपक किस्कू, 25 वर्षीय मंझली बास्की, मंझवैय की 20 वर्षीय मिरकू मुर्मू, रक्सो की 63 वर्षीय मरियम हांसदा, भतभंगा की 23 वर्षीय आशा मालतो, चार वर्षीय सोनाली पहाड़िन को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था।

मंझली बास्की को बेहतर इलाज के लिए रविवार को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। सीएचसी प्रभारी डा. सलखु चंद हांसदा ने कहा कि सीएचसी में सात डायरिया रोगी का इलाज जारी है। एक को रेफर किया गया है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

सीएम सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में भी फैला रोग

इससे पूर्व भी बोरियो में तीन लोगों की मौत डायरिया से होने की बात सामने आई थी। हालांकि, प्रशासन ने तब भी उसे डायरिया मानने से इन्कार कर दिया था।

उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के लोगाई गांव के मांझी टोला व हरिशचंद्रपुर में डायरिया फैल गया है।

मांझी टोला गांव की 35 वर्षीय रस्का किस्कू व हरिशचंद्रपुर की 23 वर्षीय तालामय सोरेन की मौत हुई है। स्वजनों का कहना है कि डायरिया से मौत हुई है।

मामले की पड़ताल जारी

डायरिया फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर मरीजों का उपचार किया। कुछ मरीजों को इलाज के लिए बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी भर्ती कराया गया है।

सिविल सर्जन डा. अरविंद कुमार ने बताया कि बरहेट के कुछ गांव में डायरिया फैला है। कुछ मरीजों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।